QUICKLY.

Net FDI fell to $353 m in FY25: RBI Bulletin

Mumbai: Net foreign direct investment in India fell to $353 million in FY25 from a little over $10 billion in FY24, according to provisional data released by the Reserve Bank of India in its May Bulletin. While direct investments to India were at $29.55 billion in FY25, foreign direct investments by India were at $29.2 billion, reducing the figure at the net level. Gross inflows and investments were robust at over $81 billion, while repatriations and disinvestments were at $51.5 billion, the data showed. OUR BUREAU

Syrma joins Dynabook to manufacture laptops

Mumbai: Syrma SGS Technology Ltd has signed a strategic partnership with Dynabook Singapore Pte Ltd to manufacture laptops in India, the Mumbai-based electronics manufacturing services company announced. This marks the second global brand partnership secured by Syrma SGS this year. "With local manufacturing, Dynabook will be able to better serve the needs of our customers across industries and segments," said Wong Wai Meng, Managing Director of Dynabook Singapore. OUR BUREAU

US cuts tax on remittances to 3.5%, but concerns persist among Indians

THE IMPACT. Move will hit Indian working professionals sending money back home

Our Bureau
Bengaluru

BIG CONTRIBUTOR. A recent RBI survey indicated that the US accounted for the largest share of remittances to India in 2023–24 BLOOMBERG

The US House of Representatives has passed the sweeping 'One Big Beautiful Bill', which includes the imposition of tax on overseas remittances. Initially proposed at 5 per cent, the remittance tax was revised downward to 3.5 per cent before the final approval. This new tax is set to be applicable starting January 1, 2026.

SERIOUS IMPLICATIONS

While the reduction seems like some relief, experts suggest that even this lower rate could have serious implications for Indian working professionals in the US sending money back home. "The reduction offers some relief to the Indian diaspora," said Shefali Mundra, a chartered accountant. "But with India receiving approximately $32 billion in remittances from the US, this seemingly moderate tax could eventually result in substantial annual outflow. The policy could significantly impact household income and economic activities heavily dependent on these funds."

In 2023, overseas Indians sent about $120 billion in remittances, with a substantial portion originating from the US. A recent survey by the Reserve Bank of India (RBI) indicated that the US accounted for the largest share of remittances to India in 2023–24, contributing 27.7 per cent.

With a diaspora of over 2.7 million in the US, remittances have been a lifeline for many Indian families back home. While most of the remittances are used for family maintenance, including healthcare, education and living expenses, a significant portion also goes towards investment in real estate, savings and small businesses. The bill maintained the exemption for "verified US citizens or US nationals" in its final draft.

This report was filed by intern Rohan Das

Not allowed into Pak airspace, IndiGo flight navigates storm; DGCA to probe

Our Bureau
New Delhi

The Delhi–Srinagar IndiGo 6E-2142 flight PTI

The DGCA has started an investigation into the incident involving an IndiGo A321 Neo aircraft that encountered severe turbulence and a hailstorm while cruising at 36,000 feet near Pathankot on May 21.

As per the crew statement made to the competent authority, efforts were made to manoeuvre away from the inclement weather system by requesting permission from the Indian Air Force's northern control (IAF) to divert towards the international border. This request was denied by the IAF. Subsequently, the crew reached out to the Lahore ATC to enter its airspace to avoid the weather, but this request was denied as well.

Consequently, the crew, the DGCA said, attempted to return to Delhi; however, the 6E-2142 flight had neared the thunderstorm cloud.

"They decided to navigate through the weather. Subsequently, they encountered a hailstorm and severe turbulence. They chose to continue at the same heading to exit the weather by the shortest route towards Srinagar," the DGCA said.

RISKY JUDGMENT

Experts told *businessline* that the decision to push through the cloud would be a key element of the investigation.

"At the time of departure, the crew were made aware of bad weather in Srinagar, including satellite pictures, severe icing and hail, and a NOTAM from Pakistan closing its airspace for Indian aircraft. Yet, why didn't they divert to Amritsar or Chandigarh and wait for the weather to improve and then attempt a landing in Srinagar?" aviation expert Mark Martin told *businessline*.

"Srinagar is an aggressive terrain and with bad weather, flying into a thunderstorm was the riskiest gamble to take with 180 lives on board. There will be a full-blown DGCA investigation into this; the action by the crew was reckless. I won't be surprised if the crew's licences are suspended."

However a senior airline pilot said: "The pilots may have got into a bad situation because of poor judgment but they got out of it because of the right skills."

"They displayed correct flying technique and crew resource management skills while negotiating the storm, and that needs to be applauded too," he added.

Amid tariff uncertainty, Gokaldas Exports diversifies into UK, European markets

Aishwarya Kumar
Bengaluru

Amid global tariff uncertainties, Gokaldas Exports is actively expanding its presence in the UK and European markets as part of its diversification move.

While the India-UK Free Trade Agreement may take up to a year to materialise, the company has already begun scaling up volumes for UK-based clients.

STRONG US TIES

Historically, Gokaldas has been focused on the US market, owing to its profitability and to avoid competition with duty-free players like Bangladesh in Europe, underlined Sivaramakrishnan Ganapathi, Vice-Chairman & Managing Director.

The company now sees its European business move into the double-digit contribution range, he said.

In the fourth quarter of FY25, the company reported a 19 per cent year-on-year (y-o-y) increase in consolidated profit after tax, reaching ₹53 crore compared to ₹44 crore in the same period last year. Consolidated total revenue stood at ₹1,035 crore, up 27 per cent (y-o-y).

CHALLENGES AHEAD

On the tariff-related uncertainty, Ganapathi noted, "We will see some challenges, particularly with respect to

Sivaramakrishna Ganapathi, Vice-Chairman and Managing Director of Gokaldas Exports

tariffs and the need to absorb some of the costs. This is something that will impact the industry at large. We may have to stay solidly aligned with the supply chain and support our customers to navigate this uncharted tariff environment."

GREATER CLARITY

He added that greater clarity is expected in the second half of the financial year, as more concrete agreements with countries like the US and the UK take shape.

"Most buyers are operating under the assumption that the current 10 per cent tariff will continue beyond the initial 90-day window. So, they aren't rushing to place orders right now, expecting that the 10 per cent may still be better than what comes later," he explained.

As a result, the impact is expected to be limited to Q1 and Q2, he added.

Flipkart Minutes doubles orders every 45 days

Jyoti Banthia
Bengaluru

Flipkart's foray into quick commerce under the 'Flipkart Minutes' banner is gaining momentum, with the platform now doubling its daily order volume every 45 days — a pace that underlines the e-commerce major's aggressive push into the high-frequency, high-retention business.

EXPANSION PLANS

Launched 10 months ago, Flipkart Minutes is now operational in 17 cities and aims to scale to 800 dark stores by December.

The expansion is being powered by Flipkart's existing supply chain infrastructure, deep customer intelligence and a strategy that combines speed, value and assortment.

"We are, right now, doubling our orders per day, which is the top line metric that we usually gun for every 45 days," said Kabeer Biswas, Vice-President, Flipkart Minutes.

He added that the business is seeing robust traction across essentials and non-essentials, including fast-moving consumer goods, electronics and fresh produce.

A notable differentiator for Flipkart Minutes is its ability to deliver even high-value items like smartphones within minutes.

"A very sizable share of our mobiles are now getting shipped in less than 10 minutes," Biswas said. This quick fulfillment model is underpinned by Flipkart's vast network of fulfillment centres and last-mile delivery capabilities.

Biswas also highlighted the company's data-driven approach to expansion. "As soon as you go ahead and put out a store on Flipkart, I think you're able to start seeing traction very quickly," he said.

KEY FOCUS AREAS

Flipkart Minutes is also betting big on daily essentials such as fruits, vegetables, and dairy — categories that naturally lend themselves to repeat purchases.

The company believes that sustained quality, speed and pricing in these segments will help it build platform stickiness in a market where customer loyalty is elusive.

As the quick commerce space continues to evolve, Flipkart is positioning itself as a value-first player capable of scaling profitably on the back of its parent company's ecosystem strengths.

'Govt has no choice but to rationalise telcos' AGR dues'

Vallari Sanzgiri
Mumbai

The Centre will waive off or defer a portion of the telecom industry's AGR dues, said Ambit Insights in its report, noting the Supreme Court's comment on not interfering with government intervention. It said that a waiver enables Vodafone Idea (Vi) to tap bank funding by March 2026. Deferring dues is not an option.

The Centre already has 49 per cent stake in Vi and does not intend to increase its stake. With the promoters unable to commit additional capital, Ambit said conversion of dues into equity appears to be an unviable alternative.

ON THE BRINK

Despite tariff hikes in the previous year, its annualised Q3 cash EBITDA of ₹9,800 crore isn't enough to pay off its ₹16,900 crore dues in FY26. In June 2025, Vi will likely receive ₹6,400 crore equity funding from Vodafone PLC as an indemnity payment. However, the same isn't sufficient for Vi to raise bank loan funding of ₹25,000 crore for it to carry out its target of ₹50,000-55,000 crore FY25-28 capex.

As consumer spending rises, Myntra to focus keenly on shaping up beauty business

Meenakshi Verma Ambwani
New Delhi

Myntra has been sharply focusing on building the beauty category, which has been witnessing rising spends from consumers. Nearly 30 per cent of its 70 million monthly active users are now turning to the platform for beauty purchases.

Venu Nair, Chief of Strategic Partnerships and Omnichannel, SVP, Myntra, told *businessline*, "We are one of the very few, if not the only large retail marketplace, which has managed to break into a non-core category and are scaling it up significantly. Beauty segment, for us, now has nearly 20 million monthly active users. The monthly active customer base for beauty has seen a 65 per cent growth. So while the penetration is good, there is huge headroom for growth

> We have observed a 54 per cent growth of customers in non-metro regions for international beauty brands
>
> **VENU NAIR**
> Chief of Strategic Partnerships & Omnichannel, SVP, Myntra

just on the platform itself."

FAST GROWTH

The digital and online beauty segment is growing faster than the overall beauty segment. The rising adoption of multi-step skin rituals has led to a 60 per cent spike in the skincare segment in the March quarter for Myntra, while fragrances sales were up 50 per cent.

The platform, which has offerings from nearly 3,000 brands, has been focusing on inking partnerships with international brands in a bid to offer a wider selection.

"International beauty segment is growing at twice the rate of the online beauty segment. Trust about authenticity of products is key and Myntra is increasingly becoming the platform of choice for accessing international brands for consumers. We have also seen Gen Z's spends on international brands growing at 40 per cent year-on-year," he added.

Nearly half of beauty customers for the international brands are from tier-2 and 3 cities.

"With our penetration in fashion and beauty, today we are deeply entrenched into the affluent pockets even in the remotest corners of the country. Overall, we have observed a 54 per cent growth of customers in non-metro regions for international beauty brands," Nair stated.

With Myntra piloting its quick commerce platform M-Now in three cities, it believes that this will give it an edge in the beauty space. "Quick commerce has changed consumer behaviour and is driving consumption. Taking the best of the products from our wide selection, including international brands, and being able to offer it at speed will enable us to offer a unique proposition," he said.

Devyani Intl Q4 loss narrows to ₹16.76 crore

Press Trust of India
New Delhi

Devyani International Ltd (DIL) reported narrowing down of its net loss to ₹16.76 crore in the March quarter of FY25.

It reported a net loss of ₹48.95 crore in the January-March period a year ago, per a regulatory filing from Devyani International Ltd.

DIL's revenue from operations was up 15.8 per cent to ₹1,212.6 crore in the March quarter (₹1,047.07 crore).

Total expenses of the quick service restaurant operator was up 13.5 per cent to ₹1,247.90 crore in the March quarter.

DIL's total income, which includes other income, was at ₹1,225.77 crore, up 15.5 per cent year-on-year. In the entire financial year ended March 2025, DIL's loss narrowed down to ₹6.9 crore from ₹9.65 crore a year ago.

AI majors clash for a slice of online search market

KV Kurmanath
Hyderabad

HUGE SCOPE. The opportunity for AI-driven platforms to reshape the search experience is massive REUTERS

The battle for the online search market is heating up with OpenAI, Google, Grok, DeepSeek and Perplexity vying for a piece of the lucrative opportunity. With people swarming to AI chatbots and posing billions of questions, AI majors are aiming to capture a slice.

Google, the undisputed leader in the online search space, is facing a tough challenge from OpenAI, Elon Musk's Grok 3 and Perplexity, which is backed by Jeff Bezos.

Unlike in the traditional search space, where people get static answers, making them go through endless pages for the right answer, generative AI-based chatbots provide contextual answers drawn from the most competent sources.

The chatbots, with "reasoning" capabilities, are even deploying agents that can think and work independently to get the most relevant answers. This has turned the traditional 'static' search model upside down, making way for dynamic searches.

VALUABLE FOR QUERIES

Ajay Raj Acharya, Co-Founder of digital marketing solutions company Obbserv, noted that GPTs are proving immensely valuable for queries demanding "detailed explanations or contextual assistance" and excel where "conversation, visual context and personalised guidance" are key.

He said that the opportunity for AI-driven platforms to reshape the search experience was massive as AI became a personal assistant across learning, work, shopping and emotional support.

Chirag Dekate, VP & analyst at Gartner, felt that the search industry was now in a "high-stakes race towards conversational, agentic and personalised experiences".

Users demand "direct answers, not just links", and expect search to be a "starting point for action". Google's intent, according to Dekate, was to move beyond link lists to complex, multimodal reasoning and task completion. With OpenAI, DeepSeekR1, Grok3 and Perplexity challenging its monopoly with AI-based answers and attracting users in a big way, Google flexed its muscles and launched a host of tools in its AI push.

While introducing these tools early this week, Google's CEO Sundar Pichai said the AI mode would totally reimagine "search".

ADVANCED REASONING

He said that the AI mode offers "more advanced reasoning" to handle longer and more complex queries. Pichai explained the "query fan-out" technique, which breaks questions into subtopics and issues multiple queries simultaneously to dive deeper and find hyper-relevant content.

Google is also pushing the boundaries of visual search with Google Lens and is bringing "live capabilities" into Search with Search Live, allowing real-time back-and-forth conversation about what is seen through the camera.

Acharya felt that search was no longer just about finding answers — it's about "guiding choices". He said GPTs were transforming online interactions by offering not just discovery, but intelligent, action-oriented assistance. The future involves GPTs moving the game forward from discovery to decision-making and conversion assistance.

VAST OPPORTUNITIES

Dekate highlighted that this evolution unlocked vast market opportunities. These opportunities include new monetisation models beyond traditional advertising, vertical AI search solutions and tools for content creators. He noted that the ability for AI to guide users seamlessly from query to purchase creates new frontiers for online retail.

The next few years will be a crucible of innovation, where the very definition of search is up for grabs, presenting a new opportunity for marketers.

रामलीलाओं में दिखेगी 'ऑपरेशन सिंदूर' की झलक, गरजेगा राफेल

सेना के शौर्य ऑपरेशन सिंदूर की गाथा दिखाएंगी रामलीलाएं

● 15 से 20 मिनट के वीडियो क्लिप में भारतीय सेनाओं के शौर्य व जवानों के द्वारा नेस्तनाबूद किए गए आतंकी ठिकानों को दिखाया जाएगा

वसीम सैफी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली की रामलीलाओं में इस बार लीला का रोमांच डबल होने वाला है। दरअसल सभी बड़ी रामलीलाओं में इस बार सेना के शौर्य को समर्पित 'ऑपरेशन सिंदूर' की झलक देखने के लिए मिलेगी। करीब 15-20 मिनट की अलग-अलग वीडियो क्लिप के माध्यम से दिखाया जाएगा कि किस तरह भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। राफेल की गरज और ब्रह्मोस ने किस तरह दुश्मन के होश उड़ा दिए और आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया।

राजधानी की समस्त रामलीला कमेटियों की संस्था 'श्री रामलीला महासंघ' द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक विशेष बैठक में इस बार यह सहमति बनी है। इस बैठक में चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल, महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार व सभी बड़ी रामलीला कमेटियों के पदाधिकारी मौजूद थे।

सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि वह सेना के शौर्य जुड़े 'ऑपरेशन सिंदूर' की कुछ अहम वीडियो क्लिप पेन ड्राइव में लेकर सभी रामलीला कमेटी आयोजकों को मुहैया कराने की कोशिश करेंगे। रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि इस वर्ष दिल्ली में रामलीला शुरू होने से पहले सैनिकों के सम्मान में 15 से 20 मिनट तक 'सैन्य के शौर्य को समर्पित "ऑपरेशन सिंदूर" नाम से नाटक या लघु फिल्म दिखायी जायेगी। यह निर्णय 200 से अधिक रामलीला समितियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में एक समन्वय बैठक के दौरान लिया गया है। इस वर्ष रामलीला महोत्सव 22 सितम्बर से तीन अक्टूबर तक मनाया जाएगा एवं दशहरा पर्व दो अक्टूबर को पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जायेगा।

गौरतलब है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने छह मई की देर रात "ऑपरेशन सिंदूर" शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया और नौ स्थानों पर हमला किया गया। यह 'ऑपरेशन" पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था, जिसमें 22 अप्रैल को 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई थी।

रामलीला कमेटियों को निःशुल्क सुविधाओं की मांग...

विष्णु अवतार रामलीला कमेटी के महामंत्री दिवाकर पांडेय ने बताया कि महासंघ की बैठक रामलीला आयोजन के दौरान होने वाली समस्याओं का एक मंच पर निवारण के उद्देश्य से रखी गई थी। बैठक में रामलीला आयोजकों ने कहा कि दिल्ली सरकार कावड़ सेवा एवं दिल्ली हज को सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करती है। उसी प्रकार प्रभु श्रीराम का संदेश घर-घर पहुंचाने में वर्षों से लगी रामलीला कमेटियों को भी बिजली, पानी, ग्राउंड, सफाई आदि भी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाएं। इसके अलावा रामलीलाओं के लिए लाइसेंस आवेदन प्रक्रिया को सरल किया जाए।

ऑपरेशन सिंदूर पर संजय सिंह का बयान शर्मसार करने वाला है : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि यह अत्यंत खेदपूर्ण है की आम आदमी पार्टी एवं शिव सेना उद्धव जैसे राजनीतिक दल अपने कांग्रेसी नेतृत्व के इशारे पर ऑपरेशन सिंदूर, जो आतंकवाद पर एक निर्णायक हमला है, उसे लेकर झूठ एवं भ्रम फैलाकर देश का वातावरण खराब करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अपने 11 साल के शासन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार स्थापित किया है की वह आतंकवाद एवं अलगाववाद को कुचलने के लिए काम कर रहे हैं और उनके शासन में देश में आतंकवाद की घटनाओं पर काबू किया गया है। सचदेवा ने कहा कि गत माह पहलगाम में आतंकवादी एक दुखद घटना को अंजाम देने में कामयाब रहे, लेकिन जहां मोदी सरकार एवं देश के 140 करोड़ भारतीय, आतंकवादियों और उनके पाकिस्तानी आकाओं पर हमला कर उन्हें खत्म करने में लगे हैं, वहीं कुछ विपक्षी राजनीतिक दल पाकिस्तान का मनोबल जिंदा रखने के लिए भारत सरकार पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद संजय सिंह ने बेतुका बयान देकर हर भारतीय को शर्मसार किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सारा देश समझ रहा है की सांसद संजय सिंह हो या उनके संजय राउत एवं पवन खेड़ा आदि जैसे राजनीतिक सहयोगी हर वो बयान दे रहे हैं जिसकी स्क्रिप्ट पाकिस्तान के जनरल मुनीर की टीम लिखती है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां नेताओं में राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन पर जब देश की अस्मिता की बात आती है तो शरद पवार से लेकर शशि थरूर तक और अखिलेश यादव से असदुद्दीन ओवैसी तक सब भारत सरकार के साथ खड़े हैं, मगर खेद है की राहुल गांधी का कांग्रेस धड़ा, अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी एवं शिव सेना उद्धव देशवासियों को शर्मसार कर रही हैं। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर संजय सिंह ने उसी तरह देश को शर्मसार किया है जैसा कि 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांग कर खुद अरविंद केजरीवाल ने किया था।


वीरेन्द्र सचदेवा

मेहराम नगर में दो एकड़ रक्षा भूमि को कराया कब्जे से मुक्त

● रक्षा मंत्रालय की भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ दूसरी बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली कैंट स्थित मेहराम नगर में रक्षा मंत्रालय की भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब दो एकड़ रक्षा भूमि को अवैध झुग्गी-झोपड़ियों को अनधिकृत कब्जे से मुक्त कराया गया है। रक्षा संपदा कार्यालय दिल्ली मंडल, दिल्ली छावनी परिषद, दिल्ली पुलिस और सेना के माध्यम से संयुक्त रूप से मेहराम नगर क्षेत्र में लगभग दो एकड़ रक्षा भूमि से अनधिकृत कब्जा व अवैध पार्किंग हटाने की दूसरी बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में रक्षा संपदा के अधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में लंबे समय से वहां हो रही अनधिकृत पार्किंग को हटाया गया व बड़ी संख्या में गाड़ियों को जब्त किया गया। इस कार्रवाई को सैन्य अधिकारियों व दिल्ली पुलिस की सहायता से अंजाम दिया गया। इस अभियान में कई छोटी बड़ी झुग्गी झोपड़ियों व कई जानवरों के तबेलों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। अनधिकृत कब्जे से रक्षा भूमि को मुक्त करवा कर राष्ट्र हित में उसका उपयोग करने के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है। वर्तमान में इस रक्षा भूमि की कीमत लगभग 80 करोड़ आंकी जा रही है। ऐसे में अब सरकार द्वारा ऐसी रक्षा भूमि को कब्जा मुक्त करवाकर विशेष रूप से रक्षा व सैन्य मामलों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इस कार्रवाई के बारे में रक्षा संपदा अधिकारी करण कालिया व दिल्ली छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी कपिल गोयल ने बताया कि भविष्य में रक्षा भूमि पर इस तरह के सभी अनधिकृत कब्जे के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी की जाएगी।

अदालत ने किया केजरीवाल के खिलाफ मामले में एफएसएल से जवाब तलब

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): राजधानी की अदालत ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ 2019 में सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में फोरेंसिक विशेषज्ञ से राय मांगी है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल को दिल्ली पुलिस द्वारा मामले में दर्ज प्राथमिकी के बारे में सूचित किए जाने पर, एफएसएल निदेशक को छह जून के लिए नोटिस जारी किया गया।

न्यायाधीश ने आदेश तब पारित किया जब उन्हें बताया गया कि मामले में एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है, जिसके अनुसार सीडी को विशेषज्ञ की राय के लिए एफएसएल को भेज दिया गया है और उसके नतीजे की प्रतीक्षा है। स्थिति रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध करा दी गई है। संबंधित थानाधिकारी के माध्यम से एफएसएल के निदेशक को नोटिस जारी कर अनुरोध किया जाता है कि वह वर्तमान मामले में नतीजे शीघ्र बताएं और इस संबंध में रिपोर्ट दाखिल करें। आगे की कार्यवाही के लिए नौ जून, 2025 की तारीख तय की जाती है। न्यायाधीश ने 11 मार्च को पुलिस को एक शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था।

सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए आयोग ने की 18 नई पहल

● एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारत निर्वाचन आयोग ने देश में सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए पिछले तीन महीनों में 18 नई पहल की गई है। इनमें सुविधाजनक मतदान से लेकर राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने, प्रक्रियागत सुधार से लेकर निर्वाचन कार्यों में लगे अमलों की क्षमता बढ़ाने, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने से लेकर ईसीआई मुख्यालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने जैसे कई प्रभावी और अभिनव कदम शामिल हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने नई पहल करते हुए एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित की है।

ऊंची इमारतों एवं कालोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। मतदाता सूची के अपडेट करने हेतु मृत्यु पंजीकरण का डेटा रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (आरजीआई) डेटाबेस से सीधे प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद अपडेट किया जाएगा। आयोग ने मतदाता सूचना पर्चियों को और अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने का भी निर्णय लिया है। अब इसमें मतदाता का क्रमांक और भाग संख्या अधिक स्पष्टता के साथ प्रदर्शित किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग प्रक्रियात्मक सुधारों की दिशा में भी सक्रियता से काम कर रहा है। आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की सुविधा के लिए नया एकीकृत डैशबोर्ड ईसीआईनेट शुरू किया गया है। इसमें सभी हितधारकों के लिए एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध हैं। ईसीआई के 40 से अधिक एप्स एक ही प्लेटफार्म पर मौजूद हैं। इसके साथ ही डुप्लिकेट इपिक (ईपीआईसी) नंबर की समस्या के समाधान के लिए ईसीआई द्वारा अब विशिष्ट इपिक नंबर की नई प्रणाली लागू की गई है।

आप छात्र विंग एसैप का होगा विस्तार

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): आप के छात्र संगठन, एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) पूरे देश में अपना विस्तार करेगा। शुक्रवार को एसैप ने हेल्पलाइन नंबर जारी कर देश भर के छात्रों को इससे जुड़ने की अपील की है। जब कोई छात्र इस नंबर पर मिस्कॉल करेगा, उसे एक कन्फर्मेशन मैसेज मिलेगा। इससे छात्र को पता चलेगा कि अब वह एसैप का सदस्य बन चुका है। इसके बाद एसैप की टीम उन सभी छात्रों से सीधा संपर्क करेगी। एसैप ने छात्रों से अपील की है कि अगर आप जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर देश में बदलाव लाना चाहते हैं तो हम से जुड़ें और लोगों की आवाज बनें। आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन, एसैप के सदस्य ईशना गुप्ता, अयान राय और कमल तिवारी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी साझा की।

जामिया हिंसा मामला : 7 छात्र निष्कासित, 20 को नोटिस जारी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने छात्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प मामले में जामिया प्रशासन ने 7 छात्रों को कैंपस से निष्कासित कर दिया गया है। वहीं 20 छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जामिया प्रशासन ने 26 अप्रैल को कैंपस परिसर में छात्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के मामले में ये कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सात छात्रों में से तीन छात्रों को तीन साल के लिए कैंपस से निष्कासित किया गया है, जबकि बाकी बचे हुए चार छात्रों को एक साल के लिए निष्कासित किया गया है। वहीं 20 छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 25 अप्रैल 2025 को जामिया के गेट नंबर 8 स्थित दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के पास शाम 4.40 बजे को छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए थे। छात्रों का ये टकराव थोड़ी ही देर में दंगे और भीड़ हिंसा में बदल गया।

बवाना नहर में डूबे दो सगे भाइयों के शव भी हुए बरामद

बवाना नहर में नहाते समय इन लड़कों की हुई मौत


शावेज


समद


जावेद

पश्चिमी दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस ने बवाना नहर में डूबने के बाद से लापता दो सगे भाइयों के शव भी गोताखोरों की मदद से शुक्रवार को बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों की पहचान शावेज (16) और जावेद (17) के तौर पर हुई है। इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने दो लड़कों सुहेल (13) और समद (13) के शव नहर से बरामद किए थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार को सुहेल बवाना नहर में डूबने लगा था। अन्य तीनों किशोर उसे बचाने के चक्कर में उसके साथ ही डूब गए थे। चारों लड़के कटेवड़ा माजिदपुर गांव दिल्ली के रहने वाले थे। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। एक मृतक के रिश्तेदार ने बताया कि शावेज और जावेद सगे भाई हैं, जबकि समद उनका चचेरा भाई था। साहिल उनके मामा का बेटा था। चारों लड़कों की मौत के बाद से उनके परिवार में मातम पसरा हुआ है।

इस तरह हुआ था हादसा

मृतक समद के पिता अब्बास ने बताया कि उनके बड़े भाई वकील गुरुवार को पास ही गांव मे मवेशियों के लिए घास लेने के लिए गए थे। उनके साथ उनके दो बेटे शावेज (16) जावेद (17) भतीजा समद (13) और साले का बेटा साहिल (13) मौजूद था। जब वे घर लौट रहे थे तो अचानक साहिल रास्ते में बवाना नहर में चला गया। पैर फिसलने से वह गहरे पानी में डूबने लगा। यह देखकर शावेज, जावेद और समद उसे बचाने के लिए पानी में कूद गए। मगर बहाव के कारण चारों पानी में डूब गए। दिल्ली बोट क्लब इंचार्ज हरिश कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद गोताखोरों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार को ही समद और साहिल को पानी से निकाल लिया था, लेकिन दो अन्य लड़के लापता थे। अंधेरा होने के बाद गुरुवार को रेस्क्यू रोक दिया गया।

लूटपाट का विरोध करने पर बुजुर्ग की हत्या

पश्चिमी दिल्ली, (पंजाब केसरी): रोहिणी डिस्ट्रिक्ट के अमन विहार थाना इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान लाल बाबू पासवान (60) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अमन विहार थाना पुलिस को शुक्रवार शाम करीब 4:49 बजे एक बुजुर्ग की हत्या की सूचना मिली। मृतक की पहचान लाल बाबू पासवान के रूप में हुई। वह अपने परिवार के साथ प्रेम नगर किराड़ी में रहते थे। वह राजमिस्त्री का काम करते थे। शुक्रवार शाम को तीन-चार लड़कों ने एक शख्स की हत्या कर दी है और रुपए लूट कर फरार हो गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि लाल बाबू के सिर और चेहरे पर हमला किया गया है। वह जिस कुर्सी पर बैठे थे। उस पर खून लगा हुआ था।